<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–19 ***फरवरी*** 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राज्यपाल के अभिभाषण के साथ प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र शुरू, कल सदन में पेश किया जाएगा उत्तर प्रदेश का सामान्य बजट
- प्रयागराज महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 55 करोड़ के पार, पूर्व उपराष्ट्रपति एम वैंकेया नायडू, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी और जी किशन रेड्डी समेत कई विशिष्ट लोगों ने किया महाकुंभ स्नान
- प्रयागराज जिला प्रशासन ने महाकुंभ मेले की अवधि बढ़ाने की अफवाहों का किया खंडन, 26 फरवरी को ही समाप्त होगा महाकुंभ मेला
- केंद्रीय पयर्टन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया कुशीनगर का दौराः कहा– अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा कुशीनगर

**********

प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र वर्ष 2025–26 की कल से शुरूआत हुई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रथम सत्र के लिए बुलाए गये दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि सरकार के प्रयासों और पहल से प्रदेश ने विभिन्न योजनाओं में प्रथम स्थान हासिल किया है।

***मेरी सरकार के सामूहिक प्रयासों से प्रभावी क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश देश में विभिन्न योजनाओं में प्रथम स्थान पर है। मेरी सरकार के अथक प्रयासों से उ0प्र0 धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनाओं तता पर्यटकों को आकर्षित करने में देश में शीर्ष स्थान पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास निर्माण में उत्तर प्रदेश देश में प्रसन्न स्थान है।***

विपक्षी सदस्यों के शोर–शराबे के बीच राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में प्रदेश सरकार की ओर से प्रयागराज में कराए जा रहे दिव्य–भव्य महाकुम्भ का विशेष उल्लेख किया और इसे एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को साकार होना बताया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन को सूचित किया कि सदस्य सदन की कार्यवाही में हिन्दी के अलावा ब्रज, बुन्देलखंडी और भोजपुरी भाषाओं में भी अपनी बात कह और सुन सकेंगे।

प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सदन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की स्थानीय बोलियों भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को विधानसभा की कार्यवाही में स्थान देने के फैसले का स्वागत किया।

***उत्तर प्रदेश के विभिन्न बोलियों को भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुन्देलखंडी को इस सदन में सम्मान मिल रहा है और हमारी सरकार को इन सब के लिए एक एकाडमी का भी गठन अलग अलग एकेडमी के गठन की कार्यवाही को भी आगे बढ़ा रही है। ये सभी हिन्दी की उपभाषाएं हैं यानी हिन्दी की बेटियां हैं।***

विधान परिषद में सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने राज्यपाल के अभिभाषण को सदन में प्रतिवेदित किया। साथ ही कार्य परामर्श दात्री समिति की संस्तुतियों को सदन के पटल पर रखा। उत्तर प्रदेश विधानसभा बजट सत्र शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री ने कल पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि कल वर्ष 2025–26 का सामान्य बजट प्रस्तुत होगा।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के आस्था की डुबकी लगाने का क्रम जारी है। कल देर शाम तक एक करोड़ 26 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। अब तक पचपन करोड़ से अधिक श्रद्धालु पावन स्नान कर चुके हैं। इसी क्रम में पूर्व उप राष्ट्रपति एम. वैंकेया नायडू ने कल सपरिवार पावन त्रिवेणी में पुण्य स्थान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 144 साल में एक बार यह महाकुम्भ एक महान आयोजन है। यहां प्रशासन ने अच्छी व्यवस्था की है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी कल सपरिवार त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में जो व्यवस्थाएं की हैं वह अद्भुत और अकल्पनीय हैं। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने भी कल प्रयागराज में पुण्य स्नान किया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक कार्यक्रम है।

**भारत का दुनिया का सबसे बड़े आध्यात्मिक कार्यक्रम आज प्रयागराज मे हो रहा है। ये भारत का गौरव का विषय है भारत का सास्कृतिक का विषय है, भारत का आध्यात्मिक विषय है इतना बड़ा कार्यक्रम दुनिया मे कभी नही हुआ है।**

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण भी कल महाकुंभ पहुंचे और पवित्र स्नान किया।

**********

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में हर रोज लाखों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। इस बीच प्रदेश के सभी जिला कारागारों में 21 फरवरी को बंदियों को पवित्र संगम के जल से स्नान कराने की तैयारी है। ऐसा उन्नाव जनपद के जिला कारागार में जेल प्रशासन के द्वारा कैदियों के लिए की गई अनूठी पहल के बाद किया जा रहा है।

**********

प्रयागराज जिला प्रशासन ने महाकुंभ मेले की अवधि बढ़ाने संबंधी अफवाहों का खंडन किया है। प्रशासन द्वारा फिर से यह स्पष्ट किया गया है कि प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन को छोड़ कर अन्य सभी रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों की आवाजाही जारी है। एक रिपोर्ट

**महाकुंभ का समापन निर्धारित तिथि छब्बीस फरवरी को होगा। जिलाधिकारी रवींद्र मांदड ने बताया कि महाकुंभ मेले का कार्यक्रम शुभ मुहुर्त के अनुसार जारी किया जाता है और यह पहले से तय होता है। श्री मांदड ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें, क्योंकि राज्य सरकार या जिला प्रशासन की ओर से मेले की अवधि बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि बिना पूर्व सूचना के किसी भी रेलवे स्टेशन को बंद नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिक भीड़ के इकट्ठा होने से बचने के लिए प्रयाग संगम रेलवे स्टेशन को बंद कर दिया गया है क्योंकि ये स्टेशन मेले से सटा हुआ है। इस बीच प्रयागराज के अन्य सभी स्टेशनों पर रेलों की आवाजाही जारी है। आदर्श के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।**

इस बीच, रेल मंत्रालय ने कल स्पष्ट किया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के मामले में उच्च स्तरीय समिति द्वारा की जा रही जांच के अलावा कोई और जांच नहीं की जा रही है। मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इस घटना पर आरपीएफ जांच रिपोर्ट का हवाला दिया गया जो गलत और भ्रामक है।

**********

काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में कल वाराणसी के नमो घाट पर ऋषि अगस्त्य और विकसित भारत विषय पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी। इस मौके पर सीबीसी लखनऊ के निदेशक मनोज कुमार वर्मा ने विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया।

**********

केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कल भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर का भ्रमण किया। इस अवसर पर श्री शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश पर्यटन विकास का नया अध्याय लिख रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए श्री शेखावत ने कहा कि कुशीनगर जिले को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कल गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में दर्शन पूजन भी किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह मौजूद रहे।

**********

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन आज दोपहर बाद गोरखपुर आएंगे। वह आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। सड़क मार्ग से आज शाम तक वह बलिया पहुंचेंगे और वहीं पर रात्रि विश्राम करेंगे। बलिया में विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ मुरुगन कल वापस गोरखपुर लौटेंगे और यहीं से नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

**********

केन्द्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कल आगरा में दस दिवसीय ताज महोत्सव का उद्‌घाटन किया। 27 फ़रवरी तक चलने वाला यह महोत्सव संस्कृति का महाकुम्भ थीम पर आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में देश भर से आये 375 से अधिक शिल्पी अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन कर रहे हैं।

**********